# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र

**2023**

# सामाजिक विज्ञान

**समय–3 घण्टे** **पूर्णांक–80**

**निर्देशः** (i) इस प्रश्न पत्र में कुल 27 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1 म 8 खण्ड हैं तथा प्रत्येक प्रश्नं बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रत्येक खण्ड 1 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न के चार सही उत्तर विकल्प दिए गये हैं। सही उत्तर विकल्प का चयन कर उत्तरपुस्तिका में लिखिए ।

(iv) प्रश्न संख्या 2 से 9 तक के प्रश्न एक अंक के हैं।

(v) प्रश्न संख्या 10 से 19 तक का प्रत्येक प्रश्न तीन अंकों का हैं।

(vi) प्रश्न संख्या 20 से 26 तक का प्रत्येक प्रश्न तीन अंकों का हैं।

(vii) प्रश्न संख्या 29 मानचित्र से सम्बन्धित है। मानचित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।

(viii) प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए और अन्त तक करते जाइय। जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

1. (i) निम्नलिखित में से कौन सा देश वियना कांग्रेस में शामिल नहीं हुआ? 1

(क) ब्रिटेन
(ख) रूस
(ग) प्रशिया
(घ) स्विट्जरलैंड

(ii) ब्रेटन वुड्स सम्मेलन के परिणामस्वरूप निम्न की स्थापना हुई– 1

(क) आईएलओ (अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन)
(ख) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(ग) यूनेस्को, 1945
(घ) एफएओ, 1945

(iii) निम्नलिखित में से किस राज्य में सीढ़ीदार खेती की जाती है? 1

(क) पंजाब
(ख) उत्तर प्रदेश के मैदानों
(ग) हरियाणा
(घ) उत्तराखण्ड

(iv) मोनोजाइट रेत में निम्न में से कौन सा खनिज पाया जाता है? 1

(क) खनिज तेल
(ख) यूरेनियम
(ग) थोरियम
(घ) कोयला

(v) पंचायत राज प्रणाली में शामिल हैं– 1

(क) गांव, ब्लॉक और जिला स्तर
(ख) गांव और राज्य स्तर
(ग) गांव, जिला और राज्य स्तर
(घ) ग्राम, राज्य और संघ स्तर

(vi) निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं? 1

(क) अधिकांश लोकतंत्रों में संविधान हैं, वे चुनाव करते हैं, पार्टियां हैं और वे नागरिकों के अधिकारों की गारंटी देते हैं
(ख) लोकतंत्र अपनी सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों के मामले में एक दूसरे से बहुत अलग हैं
(ग) जहां तक सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक स्थितियों का संबंध है, सभी लोकतंत्र समान हैं
(घ) दोनों (क) और (ख)

(vii) वैश्विक स्तर पर मानव विकास रिपोर्ट का प्रकाशन किस संस्था के द्वारा किया जाता है? 1

(क) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)
(ख) विश्व बैंक।
(ग) अन्तराष्ट्रीय मुद्रा कोष
(घ) विश्व व्यापार संगठन

(viii) राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के पदेन अध्यक्ष कौन होते हैं? 1

(क) राज्य के मुख्यमंत्री
(ख) राज्य के आपदा प्रबन्धन विभाग के मंत्री
(ग) राज्य के मुख्य सचिव
(घ) राज्य के आपदा प्रबन्धन विभाग के सचिव

2. दो एशियाई देशों के नाम बताइए जो 18 वीं शताब्दी तक विश्व के सबसे धनी देशों में गिने जाते थे। 1

3. राजा राममोहन राय ने सन् 1821 से कौन सा साप्ताहिक समाचार पत्र निकालना शुरु किया ? 1

4. नवीकरण योग्य संसाधनों के दो प्रमुख लाभ लिखिए। 1

5. भारत में सबसे अधिक चीनी मिलें किस राज्यों में स्थित हैं? 1

6. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई? 1

7. किस उद्योग में बाक्साइट को कच्चे माल के रूप में प्रयोग किया जाता है ? 1

8. किसी इलेक्ट्रिक हीटर की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आप उस पर कौन सा लोगो देखना चाहेंगे? 1

9. उत्तराखण्ड राज्य को भूकम्प के किस जोन में रखा गया है? 1

10. रिंडरपेस्ट या मवेशी प्लेग क्या था? अफ्रीका में रिडरपेस्ट आने के प्रभावों (Impacts) का उल्लेख कीजिए। 3

अथवा

प्रथम विश्व युद्व के समय भारत का औद्योगिक उत्पादन क्यों बड़ा ?

11. मुद्रण क्रान्ति से आप क्या समझते हैं? इसके प्रभावों पर चर्चा कीजिये। 3

12. श्वेत क्रान्ति (ऑपरेशन फ्लड) क्या है? इसका ग्रामीण विकास में क्या योगदान है? 3

13. आधुनिक संचार के साधनों में इंटरनेट की महत्ता को स्पष्ट कीजिए। 3

14. दबाव समूह क्या है ? दबाव समूह राजनीति पर किस प्रकार प्रभाव डालते हैं ? 3

**अथवा**

भारत के राष्ट्रीय राजनीतिक दलों से आप क्या समझते हैं ? किन्हीं दो राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के नाम लिखिए, उनके चुनाव चिन्हों का भी उल्लेख कीजिए। 3

15. साम्प्रदायिकता क्या है? इसे समाप्त करने के उपाय बताइए। 3

16. संगठित क्षे्त्रक के कर्मचारियों की स्थिति पर प्रकाश डालिए। 3

17. उपभोक्ता आन्दोलन से क्या आशय है? 3

18. दावानल से आप क्या समझते हैं**?** इसके लिए जिम्मेदार कारणों पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। 3

19. प्राथमिक सहायता से आप क्या समझते हैं? इसके मुख्य उद्देश्य क्या हैं ? 3

20. राष्ट्रवाद की प्रथम अभिव्यक्ति 1789ई0 की फ्रॉसीसी क्रान्ति से प्रारम्भ हुई थी, स्पष्ट करें। 4

21. असहयोग आन्दोलन प्रारम्भ करने के क्या कारण थे? किन परिस्थितियों में इसे वापस लिया गया। 4

22. औद्यौगिक प्रदूषण से आप क्या समझते हैं? इन्हें दूर करने के उपाय लिखिए। 4

**अथवा**

बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना से आप क्या समझते हैं? इनके प्रमुख उद्देश्य लिखिए।

23. स्पष्ट करें कि भारत की संघीय व्यवस्था में राज्यों की तुलना में केन्द्र को अधिक शक्तिशाली क्यों बनाया गया है? 4

24. भारत में स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है, परन्तु अभी भी वे पुरूषों से काफी पीछे हैं। इस कथन की विवेचना कीजिए। 4

अथवा

जाति प्रथा भारतीय लोकतंत्र के लिए किस प्रकार खतरा है? विवेचना कीजिए।

25. मुद्रा क्या है ? मुद्रा के प्राथमिक (प्रधान) एवं गौण कार्यों को बताइये। 4

अथवा

गरीबों के लिए स्वयं सहायता समूहो के संगठनों के पीछे मूल विचार क्या है ? अपने शब्दों में व्याख्या कीजिए।

26. विश्व व्यापार संगठन से आप क्या समझते है? यह किस प्रकार अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को प्रोत्साहित करता है? 4

27. (अ)–दिये गये भारत के रेखा मानचित्र पर उन दो राज्यों के नाम लिखिए जहां निम्नलिखित घटनाएं हुई–

(क)– डाण्डी यात्रा 1

(ख)– चौरी चौरा हत्याकाण्ड 1

(ब)–दिये भारत के इसी मानचित्र पर संकेतो की सहायता से निम्नलिखित को दर्शाइए और उन स्थानो के नाम भी लिखिए तथा मानचित्र को अपनी उत्तरपुस्तिका में संलग्न कीजिए।

(ग)– कार्बेट नेशनल पार्क-⬭ चिन्ह से 1

(घ)– विशाखापट्नम बन्दरगाह-△ चिन्ह से 1

(ङ)– भिलाई इस्पात ⊠ कारखाना चिन्ह से 1

(च)– लक्षद्वीप– □ चिन्ह से 1